अनुक्रमांक ..............................

कूट सं. : 820141.1-$SA_1$ (M)

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

कक्षा - आठवीं

# हिंदी

(संकलनात्मक मूल्यांकन - I)

निर्धारित समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक : 90

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं - 'क' और 'ख'।
2. दोनों खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमश: एक साथ लिखिए।
4. उत्तरपुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रमसंख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।

## खंड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए :- 5×1=5

सफलता के लिए धैर्य और विश्वास परमावश्यक है। कभी-कभी सफलता मिलने में कुछ देर हो जाती है लेकिन ऐसी स्थिति में भी निराश नहीं होना चाहिए। स्कॉटलैंड का राजा राबर्ट ब्रूस शत्रुओं से परास्त होकर एक गुफा में छिपा हुआ था कि उसने एक मकड़ी को अपने जाले के सहारे ऊपर चढ़ते देखा। मकड़ी ऊपर चढ़ने का प्रयास करती और बार-बार गिर पड़ती। उसने सात बार प्रयास किया और आठवीं बार वह चढ़ने में सफल हो ही गई। राबर्ट ब्रूस को इस छोटी सी घटना ने झिंझोड़कर रख दिया। आत्मविश्वास से युक्त होकर उसने शत्रु पर हमला किया और सफलता प्राप्त की। मैडम क्यूरी अपने आत्मविश्वास के बल पर ही अनेक वर्षों के अथक परिश्रम के बाद रेडियम जैसी अमूल्य वस्तु का आविष्कार करने में सफल हुई थीं। अपने आत्मविश्वास के बल पर ही शिवाजी ने अपने थोड़े से मराठा सैनिकों को लेकर औरंगज़ेब की विशाल सेना को तितर-बितर कर दिया था।

(क) सफलता प्राप्त करने के लिए कौन सा गुण आवश्यक है? 1

(i) विफलता
(ii) धैर्य और आत्मविश्वास
(iii) मित्रता
(iv) निराशा

(ख) सफलता मिलने में देरी हो जाए तो मनुष्य को क्या नहीं करना चाहिए 1

(i) प्रयास नहीं करना चाहिए (ii) कार्य को छोड़ देना चाहिए

(iii) निराश नहीं होना चाहिए (iv) नया कार्य प्रारंभ करना चाहिए

(ग) रॉबर्ट ब्रूस का आत्मविश्वास पुनर्जीवित कैसे हुआ? 1

(i) गुफ़ा में रहने से

(ii) शत्रुओं से परास्त होने से

(iii) मकड़ी को बार-बार ऊपर चढ़ते देखकर

(iv) मंत्रियों की सलाह से

(घ) शिवाजी ने किसको हरा दिया था? 1

(i) अंग्रेजों को (ii) औरंगज़ेब को

(iii) मराठा सैनिकों को (iv) अकबर को

(ङ) मैडम क्यूरी किस आविष्कार में सफल रहीं 1

(i) सोडियम (ii) रेडियम

(iii) इंजन (iv) टेलीफोन

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - 5×1=5

बहुत बड़ी बरबादी की, इस धरती पर आबादी की,
यूँ फसल उगाते जाओगे, वह दिन ज्यादा दूर नहीं
जब सिर धुन-धुन पछताओगे।
तुम कितने जंगल तोड़ोगे, कितने वृक्षों को काटोगे
इस शस्य श्यामला धरती को, कितने टुकड़ों में बाँटोगे
बढ़ती जाती बदहाली, खो गई सुबह की तरुणाई,
खो गई शाम की वह लाली, बिन वर्षा के इस धरती पर
तुम कैसे अन्न उगाओगे?
गंगा भी अब मैली है, जल की हर बूँद विषैली है,
इस दूषित जल के पीने से, नित नई बीमारी फैली है।

(क) मनुष्य धरती पर किसकी फसल उगा रहा है? 1

(i) घृणा की फसल (ii) प्रेम की फसल

(iii) बढ़ती जनसंख्या की फसल (iv) आम की फसल

(ख) किसके अभाव में धरती अन्न नहीं उगा सकेगी? 1

(i) वर्षा (ii) सागर

(iii) जंगल (iv) चंद्र

(ग) उपर्युक्त काव्यांश क्या संदेश दे रहा है? 1

(i) पर्यावरण को बचाने का (ii) वृक्षारोपण का

(iii) जनसंख्या वृद्धि रोकने का (iv) उपर्युक्त सभी

(घ) बदहाली में क्या खो गई है? 1

(i) नींद (ii) धरा

(iii) सुबह की तरुणाई (iv) आबादी

(ङ) गंगा का जल कैसा हो गया है? 1

(i) निर्मल (ii) अथाह

(iii) प्रदूषित (iv) सूख गया है।

3\. (क) (i) 'धार्मिक' शब्द में से मूलशब्द तथा प्रत्यय अलग कीजिए। 1

(ii) 'सु' <u>अथवा</u> 'प्र' उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए। 1

(ख) (I) निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार <u>अथवा</u> अनुनासिक चिह्न का प्रयोग कीजिए- 1

(i) लहलहाएगे (ii) आनद

(II) निम्नलिखित शब्दों में नुक्ता का प्रयोग कीजिए- 1

(i) हाजिर (ii) खिलाफ

4\. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए - 1+1=2

(i) मीठा (ii) उड़ना

5\. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के <u>दो - दो</u> पर्यायवाची लिखिए :- 1+1=2

(i) रात (ii) ज़मीन (ii) कपड़ा

(ख) 'दुख' <u>अथवा</u> 'न्याय' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

6\. (क) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके लिखिए - 1

(i) दो लड़की आ रही है।

(ख) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए - 1+1=2

(i) काश मेरे पास भी ऐसी कार होती

(ii) (?) विराम चिह्न का नाम लिखिए।

7. (क) निम्नलिखित शब्द में 'र' वर्ण का उचित प्रयोग कीजिए - 1

निमाण

(ख) निम्नलिखित तत्सम शब्द का तद्भव और तद्भव शब्द का तत्सम रूप लिखिए - 1+1=2

(i) निद्रा (ii) दूध

8. अनुप्रास <u>अथवा</u> श्लेष अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 3

9. सड़क के चौराहे पर लाल बत्ती न होने से अनेक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। इस संबंध में यातायात अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

<u>अथवा</u>

विद्यालय के वार्षिकोत्सव के विषय में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

10. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग <u>100 शब्दों</u> का अनुच्छेद लिखिए - 5

(i) आदर्श व्यक्ति - डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

- भूमिका
- परिचय, जन्मस्थान, शैक्षणिक योग्यता
- उपलब्धियाँ, उपसंहार।

(ii) मेरी पर्वतीय यात्रा

रूपरेखा - पर्वतीय स्थल का नाम, भौगोलिक स्थिति व प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन, उपसंहार।

(iii) पर्यावरण

रूपरेखा - समस्या के कारण, स्वरूप और समाधान, उपसंहार।

11. निम्नलिखित चित्र का लगभग <u>दस</u> पंक्तियों में वर्णन कीजिए – 5

(चित्र से संबंधित विषय का उल्लेख भी किया जा सकता है।)




12. विद्यालय में देर से पहुँचने पर अध्यापिका और विद्यार्थी के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए। 2

13. मॉल में मिल रही बच्चों से संबंधित खिलौनों पर विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

## खंड – 'ख'

14. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – $5 \times 1 = 5$

जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो लगै, बढ़े अँधेरो होय।।
तासों ही कछु पाइए, कीजै जाकी आस।
रीते सरवर पर गए, कैसे बुझे पियास।।
रहिमन निज संपति बिना, कोउ न बिपति सहाय।
बिनु पानी ज्यों जलज को, नहिं रवि सकै बचाय।।

(क) 'दीपक' की तुलना किससे की गई है? 1

(i) अँधेरे से (ii) कपूत से

(iii) उजाले से (iv) रात्रि से

(ख) कैसे सरोवर पर जाने से प्यास नहीं बुझेगी? 1

(i) खाली सरोवर (ii) जल से भरा सरोवर

(iii) बड़े सरोवर (iv) छोटे सरोवर

(ग) विपत्ति के समय सबसे बड़ा सहायक क्या होता है? 1

(i) अपना घर (ii) अपना शहर

(iii) अपना जल (iv) अपना धन

(घ) क्या न होने पर सूर्य भी कमल को नहीं बचा सकता? 1

(i) धूप (ii) छाया

(iii) जल (iv) मिट्टी

(ङ) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि हैं – 1

(i) बिहारी (ii) रहीम

(iii) तुलसीदास (iv) सूरदास

15. पठित गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5×1=5

भारत देश अंग्रेज़ों का गुलाम था। अपने लोगों को तरह-तरह के अत्याचार सहने पड़ते थे। अंग्रेज़ शासन ने अपने स्वार्थ पूरे करने के लिए भारत के लोगों को बहुत डरा-धमकाकर रखा था। पर उनकी धमकियों के खिलाफ़ लड़ने की हिम्मत रखने वाले भी लोग थे। ऐसे ही लोग थे आंध्र के कोया आदिवासी। और उनके नेता का नाम था श्रीराम राजू। आंध्र के घने जंगलों के बीच रहने वाले कोया आदिवासी सीधी-सादी खेती के माध्यम से अपनी रोज़ी-रोटी जुटाया करते थे।

(क) श्रीराम राजू कौन था? 1

(ख) अंग्रेज़ शासन ने भारत के लोगों को क्यों डरा-धमका रखा था? 1

(ग) कोया आदिवासी अपनी रोज़ी-रोटी कैसे जुटाते थे? 1

(घ) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ का नाम लिखिए। 1

(ङ) इस गद्यांश में किस जीवन मूल्य को बताया गया है? 1

16. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए - 3×3=9

(क) श्रीधर को देखकर लेखक को अपने ऊपर झुंझलाहट क्यों होती है?

(ख) मानव के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए क्या-क्या करना होगा?

(ग) पाठ 'अच्छे पड़ोसी के गुण' के आधार पर बताइए कि अक्सर पड़ोसियों में किन बातों को लेकर बहस होती थी?

(घ) बिहारी श्रीकृष्ण के किस रूप को अपने मन में बसाना चाहते हैं?

17. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u>-प्रश्नों के उत्तर <u>25-30 शब्दों में</u> लिखिए - 5×3=15

(क) भार-शून्य संदूक में लेखक ने तकलीफदेय स्थिति क्यों महसूस की?

(ख) गाँव वाले दारा का सम्मान क्यों करते थे?

(ग) 'दुख में हार न मानो' कविता के आधार पर हमें ईश्वर को प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए?

(घ) लेखक पड़ोसी की केबल का तार काटने को किस प्रकार सही ठहराते थे?

(ङ) गाँधीजी कागज़ का अपव्यय किस प्रकार रोकते थे?

(च) पाठ 'आश्रम के अतिथि और संस्मरण' में आए जीवन-मूल्य स्पष्ट कीजिए?

18. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए :- 6×1=6

(क) चटनी का दाग किस पर लगा था?

(i) साड़ी पर (ii) तूश के शॉल पर

(iii) परदे पर (iv) सोफे पर

(ख) दारा बक्से में क्या रखता था?

(i) धन-दौलत (ii) पुरानी टोपी

(iii) पुराना कोट (iv) रेशमी वस्त्र

(ग) स्वाति नक्षत्र की वर्षा की बूँद केले पर गिर कर क्या बनती है?

(i) मोती (ii) कपूर

(iii) विष (iv) अमृत

(घ) 'कलश' कविता के कवि हैं -

(i) गोपाल चतुर्वेदी (ii) ललित किशोर लोहिमी

(iii) गजेंद्र सिंह सोलंकी (iv) तुलसीदास

(ङ) सुजन की तुलना किससे की गई है?

(i) मुक्ताहार
(ii) अँगूठी
(iii) नौलखा हार
(iv) मूँगा

(च) वास्तविक रॉकेट पर चढ़ने का मज़ा कहाँ मिलता है?

(i) महाशून्य संदूक में
(ii) भार शून्य संदूक में
(iii) शैतान चकरी संदूक में
(iv) लाख की कोठरी में